in the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi; and

(b) if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE): (a and (b) The post of Dean, All India Institute of Medical Sciences, New Delhi fell vacant on the 30th April, 1988 on the superannuation of Prof. O. P. Ghei. Prof. M. M. S. Ahuja was appointed as Dean on the 27th May, 1988 on a temporary basis which was regularised on 6-7-1988.

रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें

3981. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में रेल कर्मियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, अभद्र व्यवहार तथा अन्य गैर-कानूनी कार्य करने के कितने मामले प्रकाश में आये हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) दिन-प्रतिदिन रेल कर्मियों के बढ़ते हुए अभद्र व्यवहार को रोकने के लिए क्या कोई अभियान चलाया जा रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या ब्यौरा है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) यथा सम्भव उपलब्ध सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) और (ग) जी हां। कदाचार को रोकने के लिए रेल प्रशासन निरन्तर प्रयासरत रहता है। यह कहना सही नहीं है कि रेल कर्मचारियों का रेल उपयोगकर्ताओं के प्रति दुर्व्यवहार बढ़ रहा है। जनता को स्टेशनों पर शिकायत पुस्तिका की उपलब्धता, जन शिकायत संगठन और सतर्कता संगठन के पतों की सूचना समय-सारणी और स्टेशन पर लगे नोटिसों के माध्यम से दी जाती है। रेल उपयोगकर्ताओं के रेल कर्मचारियों के सौहार्दपूर्ण व्यवहार को बहुत महत्व दिया जाता है। इस दिशा में सुधार लाने के लिए जनता के सीधे सम्पर्क में आने वाले कर्मचारियों पर रेल उपयोगकर्ताओं के साथ ठीक ढंग से तथा सेवाभाव से व्यवहार करने पर और जोर देने के लिए नियमित अन्तरालों पर सौहार्द सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। सौहार्दता को प्रशिक्षण स्कूलों के प्रारंभिक और अभिविन्यास दोनों पाठ्यक्रमों में कर्मचारियों के पाठ्यक्रम की एक मद के रूप में शामिल किया गया है। कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए उच्चतर ग्रेडों में रखी जाने वाली गोपनीय रिपोर्टों में जनता के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार को एक मद के रूप में रखा गया है।

दिल्ली परिवहन निगम का किराये में वृद्धि करने का प्रस्ताव

3982. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री 11 मई, 1988 को राज्य सभा में दिए गए अतारांकित प्रश्न 1880 के उत्तर को देखने की कृपा करेंगे और बतायेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फरवरी, 1986 में किरायों में वृद्धि किए जाने के बावजूद भी दिल्ली परिवहन निगम घाटे में चल रहा है; और

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम में इस घाटे का मुख्य कारण उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार है और इस किराया वृद्धि से निगम का घाटा समाप्त नहीं होगा ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी, हां।

(ख) जी, हां। दिल्ली परिवहन निगम को मुख्यत: अपने प्रचालन पर फरवरी, 1986 में संशोधन के बावजूद अलाभकर भाड़ा ढांचे के कारण घाटा हो रहा है। इस संशोधन से कार्य संचालन घाटे की आंशिक पूर्ति ही हुई है।

दिल्ली में मान्यता प्राप्त स्कूल

3983. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता-प्राप्त स्कूलों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि इन स्कूलों में दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम का पालन नहीं हो रहा है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन स्कूलों के शिक्षकों को वेतन समय से नहीं मिल पा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो इसका क्या कारण है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) दिल्ली में 1356 मान्यताप्राप्त विद्यालय है जो कि कक्षा 12 तक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इनमें से 845 सरकारी और 205 सहायता प्राप्त, 301 बिना सहायता प्राप्त और 5 नई दिल्ली नगरपालिका विद्यालय शामिल हैं ।

(ख) से (घ) यदि शिक्षा निदेशालय को, दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 के प्रावधानों तथा इसके अन्दर बने नियमों सहित किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय के किसी शिक्षक को वेतन के भुगतान न किये जाने से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है तो इस मामले पर अधिनियम के प्रावधानों और नियमों के अनुसार उचित कार्यवाई की जाती है ।

Losses suffered by aviation unit of MARKFED

3984. SHRI KRISHNA KUMAR BIR-LA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that because of the mounting losses, MARKFED proposes to wind Up its aviation unit;

(b) if so, what is the comparative loss suffered by the aviation unit of MARKFED during the years 1986, 1987 and 1988 till *date* and what are the main reasons identified for the continuous losses;

(c) what are the measures taken by Government so far to make the aviation unit of MARKFED financially viable and what are the reasons for not achieving the desired results; and

(d) what is the number of aircraft of the aviation unit proposed to be disposed of and what is the estimated loss likely to be suffered on this account?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

Konkan Railway Project

39S5. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Konkan Railway Project, linking Bombay and Mangalore is considered to be very vital for the development of this region;

(b) what is the exact stage of construction of this project;

(c) whether Government propose to start the work from Mangalore; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) Rail line has been completed from Bombay to Roha. Re-appraisal Survey for rail line from Mangalore to Roha has been completed. Detailed Survey Report has been received recently and is under examination.

(c) No decision on starting the work from Mangalore end has been taken so far.

(d) Does not arise.